प्रतिरक्षा भारती
Pratiraksha Bharti

भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ का मुख पत्र

फरवरी २०२५ • वर्ष-विंशति (२१) • अंक ०२ • मूल्य : १० • वार्षिक मूल्य : १२०₹

भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ को रक्षा क्षेत्र में नंबर 1 पर लाने का संदेश,
केन्द्रीय कार्यालय कानपुर से देते अखिल भारतीय अध्यक्ष श्रीमान मारुति पवार जी।

भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन को सम्बन्ध कराते जी ई एन सी के महासचिव श्री साधु सिंह जी

डायरेक्टर जनरल OFB से निर्माणियाँ एवं कर्मचारियों के विभिन्न विषयों पर वार्ता करते भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री श्री रविन्द्र मिश्रा जी एवं श्री बीरेन्द्र नाथ सिंह जी

भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के उपाध्यक्ष श्रीमान के पू स्वामी जी के सेवानिवृत्ति समारोह में सम्मिलित होते महासंघ के कार्यकर्ता

एम ई एस कर्मचारी प्रतिरक्षक दल CWE एरिया नागपुर के कार्यकर्ताओं से बैठक करते, भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के पदाधिकारी श्री तनवीर अहमद, श्री हर्षल थोमरे एवं श्री विनय सोनी जी।

सम्पादक की कलम से

– श्री साधू सिंह

प्रिय मित्रों

सभी बन्धुओं को आगामी होली पर्व की बहुत बहुत शुभकामनाएं। भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की सभी को शुभकामनाएँ। मित्रों हम सभी अपनी अपनी यूनियन की सदस्यता अभियान 31मार्च तक पूरा करें सभी यूनियन अपने अपने प्रतिष्ठानों में सभी कर्मचारियों तक जाएं और उन्हें अपनी यूनियन के साथ जोड़ने का प्रयास करें। अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये जरूरी है। आप सभी को ज्ञात है कि भारतीय मजदूर संघ के 70वें साल में हम सभी ने श्रमिक सम्पर्क अभियान चलाया। वैसे तो यह अनवरत प्रक्रिया है हमें हर समय अपने प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों व श्रमिकों के सम्पर्क में रहना ही चाहिये उनकी समस्याओं से अनवरत अवगत रहेंगे और उनका निदान करने का हमेशा तत्तपर रहना ही चाहिये। मित्रों हम सभी ने 70वें वर्ष के उपलक्ष्य में कुछ निधि संग्रह करने का तय किया है। जिसकी प्रगति बहुत धीमी है हम सभी को दिए गए लक्ष्य को 31 मार्च 2025 तक पूरा करना है। अधिकांश यूनियन का वार्षिक चुनाव भी जनवरी से अप्रैल तक यूनियन के संविधान के अनुसार पूरा करना है। हम सभी यूनियन को आम सहमति के आधार पर चुनाव सम्पन्न करने है। इसकी जिम्मेदारी संयुक्त मंत्री की है। अपना ऐनुअल रिटर्न भी 31 मार्च तक रजिस्टार ट्रेड यूनियन के यहां जमा करना है। इस ओर सभी यूनियन के अध्यक्ष, महामंत्री तथा सभी केंद्रीय कार्य समिति सदस्य अपनी यूनिट तथा आस–पास की यूनिट का ख्याल रखें कि सभी आवश्यक कार्य समय पर सम्पन्न हों।

आठवें वेतन आयोग के लिये आप लोग महत्वपूर्ण सुझाव महासंघ को दे सकते है। गत अगले माह अप्रैल में NPS और UPS में से एक विकल्प को चुनना भी है। UPS का नोटिफिकेशन हो चुका है। महासंघ ने आप सभी को आवश्यक जानकारी दी है और आप सभी से यह भी अनुरोध किया था कि आपके संस्थानों में कोई 20 वर्ष की नौकरी पूर्ण करने के बाद NPS में सेवानिवृत्ति हुए उनको कितनी पेंशन बनी 60 प्रतिशत में कितना पैसा मिला यह विवरण भी देना है ताकि दोनों की तुलना करी जा सके। आप सभी संगठन के प्रति हमेशा सचेत रहें अपनी समस्याओं को यूनिट लेवल पर हल करें, और महासंघ को भी अवगत कराते रहें। सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें। व्हाट्सएप ग्रुप में आवश्यक सूचनाएं ही प्रेषित करें।

आप सभी बन्धुओं से एक निवेदन है कि अपने अपने संस्थानों से सेवानिवृत्ति हो गये लोगों से सम्पर्क करें और अपने संगठन के साथ जोड़ने का प्रयास करें। क्योंकि सेवानिवृत्त लोगों का एक संगठन शीघ्र ही गठित होने वाला है।

❐

स्व. बालादीन जी की स्मृति में

– **साधू सिंह**, महासचिव,
सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ

स्व0 बालादीन जी भारतीय मजदूर संघ के अद्वितीय नेता थे उन्होंने श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के सानिध्य में प्रतिरक्षा प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के लिये संघर्ष किया, राष्ट्र प्रेम उनकी रग रग में भरा था। राष्ट्र भाषा के रूप में हिंदी भाषा को सम्मान मिले इसके लिये संघर्ष करते अपनी नौकरी दांव पर लगा दी थी। हिंदी प्रेम का एक उदाहरण 60 के दशक में OEF कानपुर में उन्होंने प्रबन्धन को चेतावनी दी कि कार्यालय पर लटकने वाली नाम पट्टिका में नाम हिंदी में होने चाहिये यदि ऐसा नहीं किया तो 15 दिन के बाद अंग्रेजी की नाम लिखी पट्टिकाओं को हम हटा देंगे। प्रबन्धन ने अंग्रेजी लिखी पट्टिकाओं को नहीं हटाया तो ठीक पन्द्रह दिन बाद बाला दीन जी ने अंग्रेजी की पट्टिकाओं को कालिख से पोत दिया। फलस्वरूप बाला दीन जी को निलंबित कर दिया गया और फिर चार्ज शीट देकर नौकरी से निकाल दिया गया। लम्बी लड़ाई के बाद पेनाल्टी revoke हुई और उन्हें सेवानिवृत किया गया। उन्होंने प्रबन्धन के साथ कभी झुकना नहीं पसंद किया। वह नीतिगत मामलों पर संघर्ष करते थे। व्यक्तिगत मामलों से अपने को दूर रखते थे। उनका कार्यकाल उस समय था जब AIDEF के श्री एस एम बनर्जी और INDWF के श्री रामनारायण पाठक OEF कानपुर में पूरी तरह स्थापित थे। स्व बाला दींन जी एक गरीब परिवार से थे फिर भी कभी अपनी नौकरी की परवाह नहीं की। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के गठन के समय भी उनकी अहम भूमिका थी। मान्यवर दत्तो पन्त ठेंगड़ी जी जब भी कानपुर आते थे उनके परिवार के बारे में पूछते थे वह उनके परिवार के सदस्यों से मिलते भी थे। उनके परिवार में उनकी एक पुत्री ही थी। उनके परिवारिक सदस्य कालांतर में गायब हो गये या यह कहा जाय लम्बे समय तक उनके परिवार केबारे में कोई जानकारी नहीं हुई भारतीय मजदूर संघ के पुराने लोगों के जाने के बाद भी केंद्रीय नेतृत्व उनके बारे में जानकारी करना चाहता था। लम्बे प्रयास के बाद उनके परिवार के सदस्य के रूप में एक पत्रकार श्री बीरेंदर पाल जी से मेरी मुलाकात हुई। और उन्हें 19वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में आमंत्रित किया वह अधिवेशन में आये उनका अभिनन्दन करते हुए मुझे बहुत गौरव की अनुभूति हुई।

मित्रों हम सभी को अपने अतीत के बारे में जानने की इच्छा होती है कि मेरा परिवार का इतिहास क्या है मेरे दादा क्या थे परबाबा कौन थे क्या करते थे हमारे परिवार का इतिहास क्या है कुछ जानकारियां मिलने पर जो सुख की अनुभूति होती है उसकी तुलना नहीं की जा सकती। घर में कभी कभी छोटे बच्चों की जिज्ञासा होती है तो अपने परिवार के बारे में पूछते है कि मेरे बाबा कौन थे पर बाबा कौन थे पूछते पूछते एक लंबी लाइन खींच लेते हैं। हमें अपने संगठन के बारे में भी जिज्ञासा होनी चाहिये संगठन किसने बनाया किसने खड़ा किया। किसने पाला पोसा क्या कठिनाइयाँ हुई कितने संघर्ष हुए कितने लोगों की कुर्बानियां हुई। कितने लोगों ने अपनी नौकरी गवाई यह जानने की जिज्ञासा कार्य कर्ताओं की होनी चाहिये। इससे हमारी संघर्ष करने की क्षमता में वृद्धि होती है। मित्रों भारतीय मजदूर संघ और उससे सम्बद्ध महासंघो और यूनियन की संघर्ष का एक बहुत बड़ा इतिहास है। उसके पीछे का सबसे बड़ा कारण ट्रैड यूनियन को अपनी बपौती समझने वाले वामपंथी पूरी तरह से हावी थे। कांग्रेस विचारधारा से पोषित संगठन उनके पीछे दुम हिलाता था। ऐसे में भारतीय मजदूर संघ को कैसे टिकने देंगे। क्योंकि राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत प्रोत यह संगठन उनकी देश विरोधी गतिविधियों को कहाँ चलने देगा। इसलिये अपने संगठनों के स्थापना में बहुत संघर्ष करना पड़ा है बहुत लोगो की जान गई बहुतों की नौकरियाँ गई बहुत लोगों को विभिन्न प्रकार की प्रताणना और दण्ड मिला तब यह संगठन खड़ा हुआ। हमें दो तरफा संघर्ष करना पड़ा है एक ओर कम्युनिस्टों से संघर्ष करना पड़ा दूसरी तरफ प्रशासन और मालिकों के साथ संघर्ष करना पड़ा। पहले से स्थापित संगठन प्रशासन और मालिकों से पोषित थे दोनों के बीच साठ गांठ होती थी कर्मचारियों का शोषण दोनों मिलकर करते थे। ऐसे में भारतीय मजदूर संघ को कैसे स्थापित होने दें इसी कारण हमारे लोगों पर दबाव बनाया जाता था कि हम यूनियन का गठन ही न करें परन्तु गठन से पीछे नहीं हटते थे तो कार्य कर्ताओं पर अटैक होते रहे है कई लोगों की जानें गई नौकरियों से निकाले गये। हमारे संघर्ष का एक इतिहास है। जिसे जानने की जिज्ञासा आज के कार्य कर्ताओं की होनी ही चाहिये। ❐

दत्तोपंत ठेंगड़ी : सामाजिक समरसता के भाष्यकार

– प्राचार्य श्याम अत्रे
मुम्बई (महाराष्ट्र)

ज्येष्ठ तत्त्वचिंतक श्री दत्तात्रेय बापूजी उपाख्य दत्तोपंत ठेंगडी जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पाँच दशकों से अधिक समय तथा आजीवन प्रचारक थे। संघ विचारों को हृदय में धारण करने वाले, हिंन्दू धर्म एवं जीवन दर्शन के आशय को समृद्ध बनाने वाले तथा आगे चलकर उस पर भाष्य करने वाले महान चिंतक थे। दूसरी ओर इसी अवधि में सारे देश में भ्रमण करते समय सामान्य जनमानस में हिन्दुत्व विचार जगाने का कार्य आप कर रहे थे। आपने कितनी बार पूरे देश की खाक छानी होगी इसकी गिनती ही नहीं। साथ ही अपने पारदर्शी एवं आत्मीय आचरण द्वारा कितने लोगों को अपने संघ विचारों के साथ जोड़ दिया होगा, इसकी गिनती भी कौन करे? समूचा हिंदू समाज ही अपना ऐसी धारणा से वैचारिक मतभिन्नता के परे जाकर विभिन्न विचार प्रणालियों के साथ धर्मों के धुरीणों के साथ अपनत्व का नाता आपने जोड़ा। अपने असीम जनसंपर्क के माध्यम से जनमानस की नब्ज को सही ढंग से आप पहचानते थे तथा यथार्थ का समुचित भान आपको निरंतर हुआ करता था। विचारों की दृढ़ता तथा संगठन की रचना पर होने वाला पूरा अधिकार इनसे आप कृतिशील चिंतक माने गये। संघ के वैकल्पिक रूप में हिन्दुत्व दर्शन को तो आपने विकसित किया ही, पर उसके साथ संघ परिवार के अंतर्गत कितनी संस्थाओं को, संगठनों को सैद्धान्तिक बैठक आपने उपलब्ध करा दी। संघ परिवार में से कितने ही संगठन एवं संस्थाओं के आप प्रणेता एवं संस्थापक थे। मजदूर क्षेत्र में काम करने वाले 'भारतीय मजदूर संघ' नामक संगठन की आपने स्थापना की तथा देश में अव्वल दर्जे के और पहले क्रमांक के देशव्यापी मजदूर संगठन के रूप में उसे आगे बढ़ाया। शिक्षा एवं विक्षार्थी क्षेत्र में अपना प्रभाव निर्माण करने वाली 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्', आर्थिक जनतंत्र, स्वाधीनता एवं स्वावलंबन आदि का पुरस्कार करने वाला 'स्वदेशी जागरण मंच' किसानों को अपनी ताकत का लिहाज करा देने वाला 'भारतीय किसान संघ', सभी धर्मों–पंथों का सूक्ष्म अध्ययन करके उनमें आपस में समझौते एवं सुलह के पुल बांधने वाला 'सर्वपंथ समादर मंच', कलाओं के मूल्य को जनमानस में जगाने वाली 'संस्कार भारती', आज देश की विषयसूची पर सबसे आगे होने वाला 'सामाजिक समरसता मंच' एक ही नहीं, तो कितने सारे नाम भी कितने गिने जायें! इन सभी संगठनों को अपनी असाधारण प्रतिभा द्वारा समाज में प्रस्थापित किया। उन्हें आगे बढ़ाया, उनका विकास किया। उन्हें तात्विक बैठक विकसित करा दी, इतना ही नहीं, तो कुशल संगठन के नाते उनकी संगठनात्मक रचना भी आपने करा दी। आज ये सभी संस्थाएं–संगठन भारतीय समाज के निर्माण का तथा उनके स्तर को ऊपर उठाने का राष्ट्रव्यापी कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रजीवन के ऊपर अपनी मुहर भी उन्होंने प्रभावी ढंग से लगाई है।

वैसे देखा जाये तो दत्तोपंत जी ग्रांथिक विद्वान नहीं थे अथवा ग्रंथालयीन संशोधक या अभ्यासक नहीं थे, फिर भी अपनी प्रगल्भ एवं चातुर्य बुद्धिमत्ता के बल पर अपनी वैचारिक धारणा को आपने व्यापक और मजबूत बना लिया था। अपने काफी कुछ व्यस्त दिनक्रम में भी आप कुछ पढ़ने के लिए फुर्सत निकाला करते थे। निरंतर हो रही यात्रा के दौरान कुछ न कुछ पढ़ने में मगन हुआ करते थे। उस दृष्टि से उनके हर एक प्रवास में चुनिन्दा ग्रंथ आपके साथ हमेशा होते थे। मराठी, हिंदी और अंग्रेजी सैकड़ों वैचारिक ग्रंथों का पठन ध्यानपूर्वक आपने किया। आपकी स्मरणशक्ति एवं चिंतन क्षमता असीम थी। उसके फलस्वरूप अपने लेखन तथा व्याख्यानों में अपने पढ़े हुए ग्रंथों के बहुत सारे फिर भी सही संदर्भ आप दिया करते थे। आपका प्रतिपादन मंडन तर्कशुद्ध, साधार तथा विचार समृद्ध हुआ करता था। आपके इस विशाल पठन द्वारा ही आपके जीवन संबंधी आकलन को समग्रता प्राप्त हुई थी।

आपके कितने सारे भाषण तर्कशुद्ध वैचारिक प्रतिपादन का सुनिश्चित–आकर्षक हुआ करता था। कोई वास्तुविशारद बढ़िया–आकर्षण गृहशिल्प का आरेखन करे अथवा कोई शिल्पकार अपनी अनोखी शैली से सुंदर सा मोहक शिल्प निर्माण करे, इस कोटि का प्रभावी आपका भाषण हुआ करता था। आपके बहुत से भाषण ग्रंथ बद्ध होकर प्रकाशित हुए हैं, उनमें इसके दर्शन हो सकते हैं। कितने ही ग्रंथों के लिए आपने प्रदीर्घ फिर भी विवेचक भूमिकायें लिखी हैं। उनके द्वारा आपके गाढ़े व्यासंग का परिचय होता है। 'पं. दीनदयाल उपाध्याय विचार दर्शन' शीर्षक के द्विखंडात्मक ग्रंथ के लिए आपने प्रदीर्घ प्रस्तावना लिखी है। प.पू. श्री गुरुजी गोलवळकर लिखित 'राष्ट्र' शीर्षक के ग्रंथ की प्रस्तावना आपने लिखी है। ये दोनों प्रस्तावनायें माने एक स्वतंत्र ग्रंथ की ही सामग्री जो है। दीनदयाल जी प्रतिपादित 'एकात्म मानव दर्शन' पर आपने किया हुआ विस्तृत भाष्य आपके चिंतन की परिधि का दर्शन कराता है। 'द थर्ड ब' और 'सामाजिक क्रांतिची वाटचाळ व डॉ. आम्बेडकर' ये आपके लिखे ग्रंथ, ये वैचारिक क्षेत्र में मानो मील के पत्थर ही जो हैं। आपने हर एक उक्ति और कृति को राष्ट्रीय पुनरुत्थान के व्यापक संदर्भ का परिणाम प्राप्त हुआ था। सामाजिक एवं राष्ट्रीय समस्याओं का आपका आकलन, समाज एवं संस्कृति के बलस्थानों का आपको होने वाला ख्याल, इससे आपके लेखन में यथार्थ का 'भान और साथ–साथ आदर्श में लगन भी थी। आपके लेखन तथ भाषणों में से आपके विचार व्यूह

का भेद बड़ी ही आसानी से होता चलता है तथा चिंतन के रूप में आपकी महानता झलकती ही चलती है। इस पृष्ठभूमि पर 'समरसता' इस विषय से संबंधित आपका गहरा चिंतन तथा 'सामाजिक क्रांतिजी वाटचाल व डॉ. अम्बेडकर' इस ग्रंथ में आपने रेखांकित किया हुआ समाज प्रबोधन का आलेख और संदर्भ में डॉ. आम्बेडकर जी की धारणा इन दो विषयों का ऊहापोह, इस लेख में किया जा रहा है।

'सामाजिक समरसता मंच' इस मंच की सन् 1983 में महाराष्ट्र में स्थापना हुई। उस वर्ष दिनांक 14 अप्रैल को डॉ. आम्बेडकर जी का जन्म दिन था और संयोगवश उसी दिन चौत्रशुक्ल प्रतिपदा थी माने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का भी जन्म दिन था। उस पवित्र पर्व का औचित्य साधते, पुणे में दिनांक 14 अप्रैल 1983 के दिन 'सामाजिक समरसता मंच' की स्थापना हुई। उसके पीछे दत्तोपंत ठेंगडी जी की प्रेरणा थी। उस दिन आयोजित विशाल सभा में दत्तोपंत जी ने 'समरसता' यह विषय सामाजिकता के आधार पर विस्तार से प्रतिपादित करने वाला बीज भाषण प्रस्तुत किया। तभी से महाराष्ट्र में मंच का कार्य आरम्भ हुआ। सभी, सम्मेलन, परिषद्, बैठकें, अभ्यासवर्ग आदि माध्यम द्वारा 'समरसता' इस विषय की बड़े पैमाने पर प्रगति होती चली। उसे कितने ही कृति कार्यक्रमों का साथ मिला। आज समरसता यह विषय देशव्यापक बन गया हैं और रा. स्व. संघ के कार्य में एक महत्वपूर्ण स्थान उसे प्राप्त हुआ हैं। इस समूचे मार्गक्रमण में दत्तोपंत का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण और मूल्यवान था। उसमें से सारभूत कुछ महत्वपूर्ण अंश को अब देखें।

समता शब्द के प्रचलित होते 'समरसता' इस कुछ अलग–सी संकल्पना को प्रस्तुति करना कहाँ तक जरूरी है, ऐसा सवाल मंच की स्थापना से ही पूछा जा रहा है। इस सवाल से यहाँ के विचार विश्व में किसी हदतक साली सी मची है। फिर भी कम से कम शुरू के काल में यह विषय संघ परिवार तक ही सीमित है, ऐसा विरोध करने वालों ने गृहित था, जिससे उनके विरोध में तीव्रता कहीं थी नहीं और तो और सता' इस संकल्पना का सही अर्थ क्या होगा तथा सामाजिक ये उसकी व्यापकता कितनी कैसी और साथ ही सामाजिक अभिसरण ष्टि से उसके परिणाम कितने व्यापक एवं दूरगामी होंगे, आदि अध्ययन करते केवल विरोध के लिए विरोध करने का सूत्र इस संकल्पना के विरोधकों ने अपनाया हुआ दिखाई देता है। फिर भी इस संदर्भ में संघ की धारणा बिल्कुल स्पष्ट होकर उस दृष्टि से उसकी कार्यवाही भी की जा रही है। यह धारणा सकारात्मक होकर समाज एकात्म एकरस होना आवश्यक है। संक्षेप में समरसता यह भारतीय राष्ट्रवाद का सामाजिक आशय है।

असल में संघ की धारणा ऐसी है कि समाज में दिखाई दे रही विविधता यह एक स्वाभाविक विषय ही है। इसके विपरीत विषमता यह मानवनिर्मित है। विविधता यह एक स्वाभाविक के होते हुए भी अपनी विशेषताओं को कैसे निभाया जा सकता है तथा उन्हें निभाते हुये भी समाज में एकात्मता का समरसता का भाव कैसे निर्माण किया जा सकता है, यह हिन्दू संस्कृति ने और समाज ने पिछले हजारों वर्षों से दिखाया है। उसी सांस्कृतिक धरोहर का संघ प्रतिनिधित्व करता है। और ध्यान देने लायक यही, कि 'समता' यह ऐहिक संकल्पना होने के साथ समाजधारणा के लिये वह आवश्यक हो, तो भी वह पर्याप्त नहीं होती। समता का साथ देने समाज में बंधुभाव एवं ममत्वबुद्धि अगर हो, तो समरसता का रसायन बन जाता है। इसलिये विराम समाजधारणा हेतु समता के साथ ही समरसता यह जीवनमूल्य भी आवश्यक होता है, ऐसी संघ की धारणा है। इसलिये समता अथवा समरसता इस प्रकार का अंतद्वंद्व या संघर्ष समाज में खड़ा करना उचित नहीं, संघ को भी वैसा कुछ अभिप्रेत नहीं।

किसी भी संकल्पना या मूल्यांकों को समाज द्वारा स्वीकृत कराना हो, तो उस प्रक्रिया का आरम्भ घर परिवार से ही करना चाहिये। इसलिये समरसता के इस भाव को पहले संघ में और संघपरिवार में दृढ़ बनाने पर बल देना सहज स्वाभाविक है। लेकिन यह विषय केवल संघ या संघ परिवार तक सीमित न होकर समूचा समाज यह उसका लक्ष्य है।

'समरसता' यह व्यक्ति के तथा समाज के मानसिक परिवर्तन के साथ जुड़ी हुई संकल्पना है। तभी तो वह धीमी गति से प्रदीर्घ काल तक चलने वाली प्रक्रिया है।

इस पृष्ठभूमि पर 'समता' एवं 'समरसता' इन संकल्पनाओं का समुचित आकलन होना आवश्यक है। लगभग दो ढाई सौ बरसों पहले हुई फ्रेंच राज्यक्रांति के दौरान 'स्वतंत्रता', समता एवं बंधुता' इस तत्वत्रयी का बीजारोपण हुआ। इस राज्यक्रांति की वैचारिक पृष्ठभूमि तैयार करने का कार्य हॉब्ज, लॉक तथा रूसो, व्हॉल्टेअर इन दर्शनिकों ने किया। उनके तत्वचिंतन में से इस तत्वत्रयी का नवनीत हाथ लगा। उनसे प्राप्त हुई प्रेरणा से फ्रान्स की राज्यक्रांति हुई। समता यह इन तीन संकल्पनाओं में से एक है। वह मूलतः ऐहिक एवं भौतिक रूप की है। उसमें निहित सूत्र आम तौर पर सामाजिक विषमता के विरोध में है। इस विषमता के भी कितने ही पहलू हैं। आम तौर पर विषमता हम अनुभव करते हैं, वह होती है आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में, साथ ही प्रकृति प्रदत्त स्वभाव एवं संगोपन सिद्ध रूप में तथा जीवन व्यवहार में से अभिव्यक्ति में नैतिक एवं सांस्कृतिक आयामों को इस संकल्पना के साथ जोड़ना जरूरी है। इस पर पाश्चात्य चिंतकों ने गौर किया हुआ दिखाई नहीं देता और बात ऐसी, कि सभी क्षेत्रों हर हालत में समता प्रस्थापित होना क्या आवश्यक तथा संभव भी होगा, यह भी एक सवाल है। एक सुविख्यात ब्रिटिश चिंतक अपने निबंध में कहते हैं, 'सभी को पूर्ण तथा समता के आर्थिक स्तर पर लाकर आर्थिक समता प्रस्थापित करना यह शायद असम्भव ही होगा तथा वैसा करना यह शायद हानिकारक एवं अव्यवहार्य भी होगा। आर्थिक समता के संदर्भ में जो सत्य है, वह कुल मिलाकर समता इस संकल्पना के संबंध में ही सत्य है। उन्हें जो समता अभिनेत्री है,वह अवसर उपलब्धि की समानता में है। भारतीय चिंतक डॉ.०

अम्बेडकर कहते हैं, 'स्वतंत्रता, समता और बंधुता ये तत्व मानो यह त्रिमूर्ति है। उनमें से हर एक अलग स्वतंत्र है, ऐसा न माना जाये। इन तीन संकल्पनाओं में से किसी एक ने दूसरी को अगर तलाक दिया, तो जनतंत्र के प्रयोजन की ही हार होगी।' इन संकल्पनाओं के परस्परावलंबित्व को अम्बेडकर जी ने बिल्कुल समुचित शब्दों में प्रतिपादित किया है। इसलिये उनका यह भाष्य बड़ा ही महत्वपूर्ण है।

समाज के सभी क्षेत्रों में सिर्फ समता प्रस्थापित करने से समाज के समक्ष सभी समस्याएयें हल होंगी ऐसा उसका आशय नहीं। उस हेतु समता इस संकल्पना के साथ भावात्मकता को जोड़ना चाहिये। यह भावात्मकता मानो हर एक व्यक्ति के मन में आपस में हर दूसरे को लेकर होने वाला, आदर, प्रेम, आत्मीयता एवं बंधुभाव! फ्रेंच राज्यक्रांति भी तत्वत्रयी में समता का जैसा कि निर्देश है, वैसा बंधुता का भी स्वतंत्र निर्देश किया गया है। इसके माने यही कि पाश्चात्यों की 'समता' इस संकल्पना में 'बंधुभाव' का समावेश नहीं होता। वैसा अगर होता, तो 'बंधुता' इस संकल्पना का स्वतंत्र अलग निर्देश क्यों किया जाता? इसी में से 'समरसता' इस संकल्पना की सीमायें स्पष्ट होती हैं। इसे एक दृष्टान्न द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है। पुरानेजमाने से चलते आये अस्पृश्य और दलित समाज को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में अन्य समाज के समान केवल बराबरी का स्थान और अवसर प्राप्त होने से क्या उनकी सभी समस्यायें हल हो पायेंगी? जो समस्यायें आत्मसम्मान के साथ, सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी हुई हैं, स्वीकार्यता के साथ, सामाजिक अभिसरण के साथ जुड़ी हुई हैं, उन्हें बंधुभाव को आत्मीय भाव के साथ जोड़ना आवश्यक है। इसलिये समता के समर्थकों द्वारा समता अथवा समरसता ऐसा द्वंद्व समाज में निर्माण करना उन्हें शोभा न देगा।

इस पृष्ठभूमि पर 'समरसता' इस संकल्पना पर हम सोचें! समता को समता का जब साथ मिलता है, तब श्समरसताश निर्माण होती है। श्समरसताश संकल्पना समता को अस्वीकार नहीं करती, तो समता के अधूरापन का ख्याल कर, उसे ममता का साथ मिलना चाहिये, इसे अधोरेखित करती है। समाज में से सभी घटकों में आपस में एक–दूसरे के लिए बंधुभाव निर्माण हुआ, तो ही समता की यात्रा समरसता की दिशा में आगे बढ़ सकती है। 'समरसता' का भाव समूचे समाज में स्थायी बन गया, तो स्वाभाविक विविधता में भी एकता, एकात्मता अनुभव होने लगती है। समाज में स्थिर बने ऊँच–नीच भाव झड़ने लगते हैं। इसीलिये समता जितना ही समरसता के लिए आग्रह होना चाहिये। एकता यह सामाजिक जीवन का मूल्य होता है। उसे प्रस्थापित करने समरसता को समर्थन देना आवश्यक है। उसी के द्वारा जातिभाव के अभिनिवेश का विकास होगा और एकात्म, एकरस एवं सुसंगठित समाज निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा इसमें कोई संदेह नहीं।

समरसता यह केवल बौद्धिक एवं सैद्धान्तिक चर्चा का विषय नहीं। वह प्रत्यक्ष जीवन में आचरण करने का, व्यवहार का विषय है। इसीलिये उसका बुद्धि के साथ भावना द्वारा भी स्वीकार होना चाहिये। तभी जाकर उसका प्रत्यक्ष जीवन में आचरण हो पायेगा। इस प्रकार समरसता के माध्यम से समाज में उचित होने वाला मानसिक परिवर्तन लाना तथा उसके अनुसार प्रत्यक्ष जीवन में आचरण होना इसका अन्य कोई विकल्प नहीं!

इस समरसता को जनमानस में दृढ़ बनाना यह तो एक लम्बा रास्ता ही है, परन्तु वही एकमात्र मार्ग होने से सबसे नजदीक का मार्ग है। उसका विशेष यही, कि प्रत्यक्ष आचरण करने की सर्वाधिक संभावना होने वाला वह मार्ग है। इसलिए 'समरसता' इस विषय को लेकर केवल तात्विक माथापच्ची न करते, समाज में समता के साथ ही समरसता कैसे जौर किस मार्ग से लाई जा सके, यह समाजसुधारकों के समक्ष सबसे बड़ा आहवान है। इस आहवान को कैसे निभाया जाता, किस गति से उसे निभाया जाता, इस पर इस राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है।

समरसता, समता इन विषयों के संदर्भ में दत्तोपंत जी की विचार प्रणाली कैसी थी, यह विशद हो, इस उद्देश्य से आपने कई बार किये हुये प्रतिपादन को साररूप में यहाँ प्रस्तुत किया है। दत्तोपंत जी का गहरा अध्ययन, आपका किसी भी विषय से संबंधित चिंतन कितना गहरा, कितना समाज निष्ठ था, इसकी प्रतीति करा देने वाला यह विचार व्यूह है। किसी भी सामाजिक समस्या की जड़ तक सीधे जा पहुँचना, उस समस्या का यथोचित आकलन करा लेना, उसके रूप स्वरूप का सर्वांग परिपूर्ण परिचय करा लेना, तथा उस दिशा में आगे बढ़ते उसका उत्तर खोज निकालना, ऐसी किसी भी समस्या का सामना करने की आपकी शैली थी। समस्या कैसी भी जटिल क्यों न हो, तो भी शांतचित्त होकर उस उलझन को सुलझाये बगैर कोई हल निकलेगा नहीं, ऐसी आपकी धारणा थी। आज समाज के समक्ष जो भी समस्यायें उभर आई हैं, वे सभी समरसता के अभाव में से निर्माण हुई हैं। इसीलिये समाज में समरसता का भाग जागृत करना यही उसका इलाज हो सकता है, ऐसी इस संदर्भ में आपकी धारणा थी।

अपने देहावसान के कुछ सप्ताह पहले दत्तोपंत जी ने 'सामाजिक क्रांतिची वाटचाल व डॉ. अम्बेडकर' यह बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखकर पूरा किया। तीन सौ पृष्ठों का मूल विषय का विश्लेषण और अगले पृष्ठों में वीर परिशिष्ट, ऐसी इस ग्रंथ की रचना है। अपने समूचे जीवन भर सारसर्वस्व इस ग्रंथके रूप में आपने अध्येताओं के साथ सक्षम रखा है। दत्तोपंत जी को आंबेडकर जी के जीवन के अंतिम 5–6 बरसों में उनके निकट सहवास का सौभाग्य मिला था। डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन एवं कार्य का सार तथा उसके समाज के ऊपर हो रहे दूरगामी परिणाम, इन्हें लेकर आपने निरंतर चिंतन किया था। इस ग्रंथ में आपने सौ से अधिक पाश्चात्य एवं भारतीय चिंतकों और लेखकों के संदर्भ दिये हैं। उसकी व्यापकता को देखते अपने भरेपूरे व्यस्त जीवनक्रम के दौरान भी आपने अपने लेखन के हेतु कितनी–कैसी पूर्व तैयारी की थी, यह दिखाई देता है। इस ग्रंथ का दोहरा महत्व

है। रा.स्व. संघ के विचारों के भाष्यकार के रूप में, उन्नीसवीं सदी में हुये समाज प्रबोधन आंदोलन का मूल्यमापन एवं विश्लेशण आपने किया है और तो और सामाजिक क्रांति के हो रहे मार्गक्रमण की पृष्ठभूमि पर आपने बाबासाहब के व्यक्तित्व में तथा विचारविश्व में अवगाहन किया है। इस दृष्टि से इस ग्रंथ का रूपस्वरूप कुछ अनोखा ही बना है। प्रतिपाद्य विषय के संदर्भ में बाबासाहब के जीवन में से महत्वपूर्ण घटनाओं का जितना परामर्श लेना जरूरी है, उतना ही लिया हुआ दिखाई देता है। वैसे तो लेखक का मूल उद्देश्य बाबासाहब की मूल धारणा और वैचारिक दृष्टिकोण इनका चिकित्सकीय अध्ययन करने का है। सही मायने में यह डॉ. आंबेडकर की रूढ़ जीवनी नहीं तथा केवल व्यक्ति विमर्श भी नहीं, उसका स्वरूप विचार विमर्श का है।

महाराष्ट्र में प्रबोधन पर्व का शुभारंभ सन् 1832 में आचार्य बालशास्त्री जांभेकर जी द्वारा प्रथम प्रकाशित 'दर्पण' नामक मराठी अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिका से हुआ। तब तक अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को स्थायी बनाना आरम्भ किया था। पाश्चात्य ढंग की शिक्षा, आधुनिक प्रशासन यंत्रणा और वैज्ञानिक सुधारों का प्रयोग आदि साधनों के माध्यम से अंग्रेजों ने यहाँ परिवर्तन प्रक्रिया आरम्भ की। पिछली कई सदियाँ पराधीनता में तथा अराजक सदृश्य परिस्थिति में गुजारने वाले भारतीयों के लिए यह परिवर्तन कुछ नया ही जो था। 19वीं सदी की पहली कम से कम 4–5 पीढ़ियाँ, इस परिवर्तन से अभिभूत हो गई थीं। इतना ही नहीं तो अंग्रेजी राज को ये ईश्वरीय वरदान ही मानते थे। अंग्रेजों की आधुनिकता के कारण ही इस प्रक्रिया का मूल्यमापन करते हुये दत्तोपंत जी कहते हैं, 'इस प्राचीन समाज की सांस्कृतिक विरासत मिट्टी में मिले और अंग्रेजी से पूरी तरह प्रभावित समाज यहाँ निर्माण हो, यहाँ तक कि अंग्रेजों ने आरम्भ किये आधुनिकीकरण के इरादे उन्नीसवीं सदी के प्रबोधन पर्व में चार प्रमुख परिवर्तन प्रवाह हैं, ऐसा लेखक का विश्लेषण है और उसकी यथार्थ मीमांसा भी आपने की है। पहला नया, रानडे का अध्यात्मनिष्ठ, उदार मतवादी, सर्वांगीण सुधारवाद नरम दल के इस प्रवाह में बाल शास्त्री जांभेकर, लोकहितवादी रानडे, गोपाल कृष्ण गोखले का समावेश होता है। दूसरा विष्णुशास्त्री चिपलूणकर और लो. तिलक इनका सामाजिक सुधारों की अपेक्षा राजनीतिक स्वाधीनता प्राप्ति का महत्व जताने वाला परम्परानिष्ठ, गरम आक्रमण भावनात्मक तथा राष्ट्रवाद। तीसरा गो. ग. आगरकर का इहवादी विज्ञाननिष्ठ व्यक्तिवादी सुधारवाद। इन तीनों प्रवाहों से अलग होकर बहने वाला म. फुले का बहुजन एवं दलित समाज के उत्थान का क्रांतिकारी सुधारवाद यह चौथा प्रवाह।

पहले तीनों प्रवाहों पर भाष्य करते हुये लेखक कहते हैं, 'इन तीनों प्रवाहों में सामाजिक समता, जातिनिर्मूलन, अस्पृश्यतानिवारण ये विषय केवल तात्विक स्तर पर चर्चा के रूप में ही आगे बढ़ाये गये। इन सभी को अभिप्रेत प्रत्यक्ष सुधारों का आशय व्यक्तिगत पारिवारिक स्तर पर उच्चवर्गीय समाज के घेरे के बाहर पहुँचा ही नहीं। परिवर्तन के ये प्रवाह वास्तव में कार्य की दृष्टि से देखा जाये तो केवल समाज के मध्यवर्गीय स्तर से ही जुड़े हुये सीमित रहे। इस वैचारिक आंदोलन को कृतिशीलता का मजबूल साथ मिला नहीं क्योंकि यह उन प्रवाहों की सीमा ही जो ठहरी।'

इन सीमाओं को छेद देते हुये तथाकथित उच्चवर्णीय समाज के सुधारों की परिधि के बाहर चलकर समाज जीवन के बिल्कुल गहरे स्तर पर होने वाले समाज घटकों के सुधार का सर्व प्रथम क्रियाशील गहरे स्तर पर होने वाले समाज घटकों के सुधार का सर्व प्रथम क्रियाशील समर्थन जिन्होंने किया, वे क्रियाशील सुधारक क्रांति के अग्रदूत ने इन शब्दों में किया है। म. फूले ने अपने वैचारिक आंदोलन के माध्यम से समाज जीवन का आमूलाग्र मंथन किया। इस क्रांति को आंदोलन का रूप दिया। सुधारवाद से क्रांतिशीलता को जोड़ दिया। ''अपनी समाज रचना के अंतर्गत जन्मजात ऊँच–नीच, ऊँचनीच भाव एवं अस्पृश्यता ये ही सामाजिक विषमता के मुख्य कारण हैं।'' ऐसा उनका विश्लेषण था। ऐसा करने के लिये समाज के जो अंग उत्तरदायी थे, उनके ऊपर उन्होंने करोड़ टीका–टिप्पणी की। उन्होंने शूद्रातिशूद्रों की लड़कियों के लिये पहली पाठशाला खोली। पाँव फिसली हुई महिलाओं के लिये प्रसूतिगृह और गर्भालय खोला। अपने घर के सामने वाला पानी का हौज अस्पृश्यों सहित समूचे समाज के लिए खुला कर दिया। किसानों के सम्मेलन आयोजित किये, ब्राह्मणों के दमनकारी दाँवपेच खुल कर समझाये। सार्वत्रिक और निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा के सिद्धान्त का समर्थन करते 'झरना सिद्धान्त' को अस्वीकार किया। 'सत्यशोधक समाज स्थापित करते अपने कार्य को संस्थात्मक रूप दिलाया तथा समाजधारणा के लिये धर्म की होने वाली जरूरत को देखते परिष्कृत रूप में श्सार्वजनिक सत्यधर्मश शीर्षक से नई रचना करने का प्रयास उन्होंने किया। नारी प्रतिष्ठा के संदर्भ में उन्होंने व्यक्त किये हुये विचार आज भी क्रांतिकारी दिखाई देते हैं। उनके लेखन और वाणी में होने वाली कठोरता की अपेक्षा तथा ऊजड़ अभिव्यक्ति की अपेक्षा होने वाले सत्व को, आशय को और मूलगामी चिंतन को अगर महत्वपूर्ण माना, तो म. फूले की महानता का सही परिचय हो पायेगा।

इसके पश्चात् दत्तोपंतजी ने सन् 1890 से 1920 इस संधिकाल के दौरान सामाजिक क्रांति के मार्गक्रमण का संक्षेप में समालोचना की है।

सत्यशोधक समाज के मूल तत्व का महात्मा फुले के अनुयायियों को सही आकलन न होने से ब्राह्मण–ब्राह्मणेत्तर आंदोलन में हुआ परिवर्तन, 'सार्वजनिक सत्यधर्म' का हुआ विस्मरण, इन्हें देखते शिष्यों ने ही गुरु को पराजित किया, ऐसे निष्कर्ष पर लेखक पहुँचे हैं। फिर भी इस संधि काल के दैरान इस प्रवाह को बहता रखने के लिये कोल्हापुर के छत्रपति शाहू महाराज, बड़ौदा नरेश सयाजीराव गायकवाड़, महर्षि विठ्ठल राम जी शिंदे आदि ने किये हुये कार्य को दाद देते हुये, उसका महत्व

भी विशद किया है। अम्बेडकर क्रांति की यात्रा का रूप ऐसा ही कुछ था:

उस समय की सामाजिक परिस्थिति की ओर देखते, बाबासाहब ने अपने बचपन में दिल दहलाने वाली अस्पृश्यता जो अनुभव की, वह शायद कुछ खास मानी न जाये, तो भी इंग्लैंड–अमेरिका के विश्वविद्यालयक से एक से बढ़कर एक उपाधियाँ पाकर भारत लौटे हुए बाबा साहब को जो भी कुछ भुगतना पड़ा, उसे देखते विद्वताप्राप्त बाबासाहब की ओर देखने के सवर्णों के दृष्टिकोण में तनिक भी परिवर्तन–सुधार हुआ नहीं. अस्पृश्यता के अपमानास्पद भोग उन्हें भुगतने पड़े, यह बड़ी ही दुःख देने वाली शर्मनाक बात है। बाबासाहब ने पाई हुई उपाधियाँ, उसमें होने वाले विषयों की व्यापकता, उस हेतु उन्होंने किया हुआ प्रचंड वाचन–पठन, सहे हुये कष्ट, हर एक उपाधि हेतु लिखा हुआ विद्यमान ग्रंथ, ऐसा बाबासाहब के ज्ञानार्जन का इतिहास युवा वर्ग को प्रेरणा पाने के लिए पढ़ना चाहिये।

सन् 1923 में भारत लौटने के पश्चात् सन् 1935 में येवला में धर्मान्तरण घोषित करने तक की बाबासाहब के जीवन की कालावधि रचनात्मक कार्य की, संघर्ष की, आंदोलन भरी ही रही। उनका प्रत्येक विचार एवं कृति एक ओर दलित समाज के उद्धार हेतु थी, तो दूसरी ओर हिंदू धर्म की आचार प्रणाली पर प्रहार करते इस समाज को एकात्म एकरस बनाना यह उनका जीवित कार्य था। उनकी भूमिका 'हिंदू धर्म सुधारक' थी। वे खुद को 'प्रॉटेस्टंट हिंदू' अथवा 'नॉन कन्फर्मिस्ट हिंदू' कहा करते थे। पहले 'मूकनायक' और उसके बाद 'बहिष्कृत भारत' इन नियतकालिकों में जातिव्यवस्था, ऊँच–नीच, अस्पृश्यता तथा सामाजिक विषमता आदि पर कठोर आघात किया करते, हिन्दुओं के आचारधर्म पर कठोर टिप्पणियाँ करते चले। पहले 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' और बाद में 'समाज–समता संघ' इनकी स्थापना करते, समाज प्रबोधन के आंदोलन को उन्होंने संस्थात्मक रूप दिलवाया। महाड के चवदार तालाब का सत्याग्रह, पुणे में पर्वती और नाशिक का कालाराम मंदिर–वहाँ के मंदिर प्रवेश सत्याग्रह, स्थान स्थान पर आयोजित अस्पृश्यता परिषदें, आदि सभी प्रयासों द्वारा दलित मुक्ति आंदोलन को उन्होंने विभिन्न आयाम दिलवाये। महाड परिषद में 'हर एक हिंदू के जन्मसिद्ध अधिकारों का घोषणापत्र' प्रस्तुत किया। 'ॲनिहिलेशन ऑफ कास्ट' नामक ग्रंथ में 'हिंदू धर्म में सुधार' के मार्ग अधोरेखित किये। उनके सभी आंदोलनों का केंद्रबिंदु 'दलित मुक्ति' तथा 'हिन्दू धर्म में सुधार' यही था। यहाँ के सवर्ण हिंदू समाज को इसका आकलन हुआ नहीं। तब जाकर उन्होंने हताश होकर 'दुर्भाग्य से मैं अस्पृश्य समाज में पैदा हुआ। यह तो मेरा अपराध नहीं, फिर भी मरते समय मैं 'हिन्दू होकर मरूँगा नहीं', ऐसा घोषित किया। वास्तव में उसके 21 वर्ष बाद उन्होंने धर्मांतरण किया, क्योंकि तबतक हिंदू समाज की मानसिकता में जरा भी परिवर्तन आया नहीं था, इसे वे देख रहे थे। इस संदर्भ में 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में प्रकाशित पत्र में उन्होंने लिखा था, 'अस्पृश्यों के धर्मांतरण से आम तौर पर देश के ऊपर कौन–सा असर होगा, यह गौर करने लायक है। यदि वे मुसलमान धर्म में या ईसाई धर्म में गये, तो वे अराष्ट्रीय बन जायेंगे। वे अगर मुसलमान बन गये, तो मुसलमानों की संख्या दुगनी हो जायेगी और उससे उनकी प्रभुसत्ता बढ़ेगी। वे अगर ईसाई बन गये, तो ईसाइयों की संख्या 5–6 करोड़ होगी। उसके परिणामस्वरूप ब्रिटिश शासन की इस देश के ऊपर की पकड़ का मजबूत होना आसान होगा। इसके विपरीत वे अगर सिक्ख बने, तो उससे हिंदुस्थान के भविष्य की कहीं हानि हो पायेगी... वे अंतर्राष्ट्रीय न बनेंगी।' आगे चलकर बाबासाहब ने बौद्ध धर्म ●का गहरा अध्ययन किया और उस धर्म में वे प्रविष्ट हुये। इस प्रकार सब ● कुछ तय करते समय उनकी धारणा हिंदूहित की तथा राष्ट्रहित की ही रही, इस पर तथाकथित सवर्ण समाज ने गंभीरता से कहीं गौर ही किया नहीं। बाबासाहब कहते हैं, ''जो धर्म इस देश की प्राचीन संस्कृति को हानि पहुँचायेगा अथवा अस्पृश्यों को अंतराष्ट्रीय बना देगा, ऐसे धर्म को हरगिज हम स्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि इस देश के इतिहास में 'विध्वंसक' के रूप में अपना नाम गिना जाये, ऐसा मैं नहीं चाहता।' बाबासाहब की महानता और साथ ही धर्मांतरण के पीछे होने वाली प्रखर देशभक्ति और विशुद्ध समाजनिष्ठा, क्या इन सभी घटनाओं की ओर धारणा द्वारा अधोरेखित नहीं होती? दत्तोपंत ठेंगडी जी को डॉ. अम्बेडकर जी के सहवास का प्रदीर्घ काल तक लाभ होने से सामाजिक क्रांति का महत्वपूर्ण चरण होने वाले बाबासाहब की धर्मांतरण संबंध में होने वाली वैचारिक धारणा का तथा मानसिक आंदोलन का पारदर्शी चित्र उन्होंने इस ग्रंथ में रेखांकित किया है।

बाबा साहब ने अर्थविषयक गहरे चिंतन के आधार पर विद्वत्मान्य ग्रंथों का लेखन किया, फिर भी ग्रांथिक विद्वान अर्थतज्ञ के रूप में आपको स्वीकार करने के लिए राजी नहीं, उनके विचारों की कहीं दाद भी देना नहीं चाहते, इसका दत्तोपंतजी को खेद था। बाबासाहब के राजनीतिक एवं वैधानिक जीवन का तथा संविधानकार के रूप में उन्होंने किये हुये 'भीम' कार्य का चिकित्सक समालोचन दत्तोपंतजी ने किया है। 'बाबासाहब और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' इस अध्याय में कितने ही नये विषयों पर उन्होंने प्रकाश डाला है। बाबासाहब को अपने समाज के संदर्भ में जो भी चिंतायें सता रही थीं, उनका भी चित्रण मार्मिक संदर्भ देते हुये दत्तोपंत जी ने किया है। बाबासाहब एक युगपुरूष ही थे तथा जैसे ही काल बीतता चलेगा, वैसे ही उनके कार्य की महानता जनमानस पर अंकित होगी, ऐसा विश्वास दत्तोपंत प्रकट करते हैं। आपके इस विश्वास को सार्थक करने वाला अभ्यासपूर्ण ग्रंथ माने 'सामाजिक क्रांतिची वाटचाल व डॉ. अम्बेडकर' ऐसा कहा जाता है। इसके फलस्वरूप दत्तोपंत जी केवल सामाजिक क्रांति के ही न होकर डॉ. अम्बेडकर जी के विचारविश्व के भाष्यकार के रूप में हमारे समक्ष व्यक्त होते हैं, यही आपका महत्वपूर्ण योगदान है।

❐

संगठन और आत्म संगठन

- साभार :
जीवन दर्शन

चिन्तन वर्ग के बिंदु

1. यह चिन्तन वर्ग है इससे कुछ कहा जाएगा और दूसरे सुनेंगे। यदि कहने वाला यह समझे कि, जो कुछ कहूंगा और लोग समझोंने यह उसकी भूल है। भाषण देने से दूसरे व्यक्ति के सुन लेने से उसमें चेतना आ जायेगी उसकी सोच और विचारों में परिवर्तन आ जाएगा यह एक दिवास्वप्न है।

चेतना में परिवर्तन तब आता है जब व्यक्ति अपनी चेतना में परिवर्तन लाना चाहता है। चेतना में परिवर्तन एक व्यक्तिगत उपलब्धी है। फिर भी चिंतन–वर्ग का आयोजन किया गया है, इसलिये कि चेतना जागृत हो।

2. चिन्तन वर्ग और सभा सम्मेलन में अन्तर है। सभा का महत्व संख्यात्मक है । इसलिए इसमें संख्या पर जोर दिया जाता है. प्रचार और प्रसार पर जोर दिया जाता है। हमारी शक्ति, संख्या, संगठन व्याप कितना बढ़ा है, दूसरों को दिखाया जाता है। यह एक प्रकार संगठन का सब प्रकार से दूसरों के समक्ष प्रदर्शन है।

3. चिन्तन वर्ग मैं ध्येयवाद अर्थात गुणवता पर जोर दिया जाता है। हमारा व्यवहार कैसा हो इसकि रुपरेखा प्रस्तुत की जाती है हम बीएमएस की जानकारी कितनी रखते है, यह भी पता चलता है।

4. संगठन में कुछ वैधानिक रुप से सदस्य होते है वे आते और जाते है।

5. जो व्यक्तिगत् रूप से सदस्य है। उनका तन मन और बुद्धि भारतीय मजदूर संघ के वायुमण्डल, रीति–नीति के साथ आत्मसात होती ऐसा मानना चाहिये।

6. जिस किसी बहाने, लोग अपने पास आते हैं उन्हें संस्कारित करना होगा ।

7. उनका मनोवैज्ञानिक और सैद्धान्तिक दृष्टि से विकास करना होगा।

8. आज का वायुमण्डल संवैधानिक अधिक और सैद्धान्तिक कम है। जबकि संगठन का आधार पारिवारिक है यानि ज्येष्ठ के नाते सम्मान न कि पद के नाते। अपने संगठन की इस पैतृक व्यवस्था को हमें अपनाना है।

9. अन्य संगठनों में व्यक्तिगत नेतागिरी बढ़ाने की आदत है किन्तु व्यक्तिगत् नेतागिरी बढ़ाने का प्रयास यहाँ नहीं है।

10. सामूहिक नेतृत्व में जो जैसा दिखेगा वही उसकी प्रगति है। सामूहिक नेतृत्न में किसी को अभिमान करने का अवसर कम है। लक्ष्मण एक ही बाण में समुद्र सुखा सकते थे, पुल बनाने की नौबत न आती। राम ने लक्षण को रोका । सामूहिक प्रयास से पुल तैयार हुआ। राम की सेना पार हुई। यह है सामूहिक नेतृत्व ।

11. श्रेयांश के बंटवारे से विवाद होता है। अपने हिस्से में कम और सहयोगियों के हिस्से में श्रेयांश अधिक देने से संगठन ठीक चलता है।

12. संगठन में दुर्जन और सज्जन दोनों होते हैं किंतु दोनों दुःखदायी होते हैं–तुलसीदास जी ने कहा है कि–

बिछुरत एक प्राण हर लेहीं। मिलत एक दारून दुःख देहीं ॥

13. प्रयास करने के बाद भी स्वभाव दोष नहीं जाता है भले ही सज्जन दुर्जन ने इकट्ठा ही प्रवेश पाया हो–

जैसे– उपजत एक साथ जल मांही। जलज जोंक जिमि गुण विलिगाहीं ॥

14. यदि आपस में प्रेम है तो स्वभाव में परिवर्तन आता है। रहीम का एक दोहा

देखें – रहिमन प्रीति सराहिए मिले होत रंग दून। ज्यों हरदी जरदी सजे, तजे सफेदी चून ॥

15. अपने लिए कठोर किंतु दूसरों के लिए मृदु होना चाहिए। दूसरों का दुःख देख कर पीड़ा उत्पन्न होना चाहिए ।

अर्थात– बज्रादपि कठोराणि, मृदून कुसुमादपिः

16. बड़े लोग जब छोटे काम करते हैं तो संतुलन बिगड़ता नहीं।

17. 'स्व' को जानना, 'स्व' को संगठित करना इससे संगठन ठीक चलता है।

18. आदत न बिगड़े इसलिए कमेटी आदि में जाने पर सावधान रहना । जो कुछ मिलता है और बैठक में जाने पर जो खर्चा मार्ग व्यय और भोजन तथा आवास में आता है उसे छोडकर शेष राशि तथा उपहार में मिली वस्तु को कार्यालय में जमा करना और उसका क्या करना इसका निर्णय सामूहिक हो तो संगठन ठीक से चलेगा ।

19. कार्यकर्ता को मस्ती बढ़ानी चाहिए। कार्य की धुन सवार

हो। सभी परिस्थितियों में काम करने की मस्ती हो ।

20. मस्ती का धन बढ़ाइये और दुनिया को इसी मस्ती के धन में डुबो दीजिए ।

संगठन अनेक प्रकार के होते हैं और सभी संगठनों के उद्देश्य, ध्येय और आदर्श अलग–अलग होते हैं। उनकी कार्य पद्धति, नारे आदि भी अलग–अलग होते हैं। किसी भी संगठन का विस्तार, प्रचार और उस संगठन को टिकाऊ बनाने का काम उसके कार्यकर्ता ही करते हैं। कार्यकर्ता संगठन से व्यक्तियों को जोड़ता है और संगठन को सुदृढ़ बनाने का प्रयास करता है। किसी संगठन को बढ़ाने अथवा घटाने में कार्यकर्ता की अहम् भूमिका होती है।

कार्य करने के बदले जो पैसा लेता है उसे कर्मचारी कहते हैं। ऐसे जो पारिवारिक आदि जिम्मेवारी निभाते हुए संगठन के काम में लगे हैं और परिवार के भरण–पोषण हेतु कुछ पैसा लेते हैं वे कार्यकर्ता हैं। उनकी निष्ठा व लगन में कोई संदेह करने का प्रश्न ही नहीं उठता है। यह तो उनकी अनिवार्य आवश्यकता है।

मैं नहीं तू ही :

कुछ ऐसे व्यक्ति जो स्वयं की प्रेरणा से अपने को समाज पुरुष के सम्मुख समर्पित करके कहता है 'मैं नहीं तू ही' वह समर्पित कायकर्ता है। उनका तो लक्ष्य संगठन के माध्यम से समाज सेवा करना ही है। संगठन से इनकी कभी कोई अपेक्षा भी नहीं रहती है।

आत्म संगठन की अनिवार्यता :

संगठन का कार्य करने वाला कार्यकर्ता तभी संगठन का कार्य ठीक से कर सकेगा जब वह स्वयं संगठित हो। स्वयं संगठित होने का तात्पर्य है उसका तन–मन बुद्धि और आत्मा का संगठित होना। यदि शरीर काम करने को तैयार नहीं। मन कुछ और चाहता है तथा बुद्धि कुछ और! उसकी आत्मा ही उस काम को करना गंवारा नहीं करती तो वह व्यक्ति संगठन का काम नहीं कर पाएगा। संगठन का कार्यकर्ता संगठन का कार्य करेगा तभी आत्म समर्पित हो सकेगा। अतः कार्यकर्ता का आत्म संगठित होना एक अनिवार्यता है।

योग्यता आत्मा समर्पित कार्यकर्ता का लक्षण नहीं :

संगठन में काम करने वाला व्यक्ति बहुत योग्य है। वह अच्छा लिख सकता है। अच्छा भाषण भी दे सकता है। उसका बहुत अध्ययन भी है। यह सब गुण होते हुए भी वह चालाक भी है और संगठन के अंदर भी अपनी चतुराई दिखलाता है। तो उसकी तुलना में कम कर्तृत्ववान, कम बुद्धिमान एवं समर्पित कार्यकर्ता रहा तो चलेगा। अधिक बुद्धिमान, कर्तृत्ववान, असमर्पित व्यक्ति पर विश्वास करना उचित नहीं होगा। जितना ही व्यक्ति आत्मा संगठित होगा उतना ही उसमें आत्म समर्पण का भाव होगा ।

कार्यकर्ता समर्पित के साथ दृढ़ निश्चयी, संगठन के प्रति अटूट श्रद्धा रखने वाला अनुशासन युक्त हो तथा सभी झंझटों व प्रपंचों से मुक्त, स्वच्छ आचरण व स्वच्छ विचार एवं व्यवहार वाला तथा निर्भीक हो। संगठन की सभी मर्यादाओं, मान्यताओं का पालन करते हुए अपने विचारों को स्पष्टता से रखने वाला हो जिससे संगठन को बल मिले । स्पष्ट रूप से थोड़े शब्दों में कहा जाए तो उसका व्यवहार एवं आचरण रचनात्मक तथा संगठनोपयोगी हो न कि विघटनात्मक ।

कार्यकर्ता का अविचल मन :

अपने मन को ठीक रखना है यह तो हम सोचते हैं लेकिन अखण्ड सावधानी न रही तो अपने ही मन को ठीक रखना बड़ा कठिन हो जाता है। मन पक्का है किंतु परिस्थितियों वश कभी–कभी मन विचलित हो जाता है। नित्य पारिवारिक काम आते रहते हैं मित्रों और संबंधियों के काम आते रहते हैं। संगठन का काम जीवन भर करना है। कभी–कभी आये काम करने में क्या हर्ज है, किंतु यह कभी–कभी अनवरत् चलता है। संगठन का काम और कभी–कभी का काम दोनों अनवरत् चलते वाले हैं तो प्राथमिकता किसको दी जाए यह तय करने का काम कार्यकर्ता का है। उसका मन संगठन के प्रति यदि अविचल है तो सब झंझटों में संगठन के कार्य को ही वह प्राथमिकता देगा। हम इतने श्रेष्ठ तो हैं नहीं कि रात और दिन संगठन और संगठन के ध्येयवाद को ही स्मरण करते रहें। परिवार है, नौकरी है, सभी बातों की चिंता करनी होगी। परिवार की चिंता छोड़ दी तो परिवार टूटेगा। नौकरी की चिंता छोड़ दी तो नौकरी छूटेगी। संगठन की चिंता छोड़ दी तो ध्येयवादिता कमजोर होगी। सभी पूर्णकालिक कार्यकर्ता तो हैं नहीं! सब कुछ छोड़ कर केवल संगठन का कार्य करने वाले हैं, यह संभव भी नहीं है। बड़ा कठिन काम है। अतः सांसारिक काम भी चलते रहें और हमारे मन में हमेशा संगठन रहे। यह आवश्यक है। राजस्थान के जैसलमेर में पानी की कमी है। महिलाएं दूर–दूर से पानी लाती हैं। सिर पर 4–4,5–5 घड़े एक दूसरे की मदद से रखती हैं और बिना घड़ा पकड़े दोनों हाथ खाली गीत गाते चलती हैं। पैर भी चल रहे हैं, हाथ भी चले रहे हैं तथा मुँह भी । किंतु, उनका मन घड़े पर केंद्रित रहता है कि घड़े गिरे नहीं। मन केंद्रित रहने के कारण घड़ों का संतुलन बिगड़ता नहीं है। कार्यकर्ता का मन भी इसी प्रकार होना चाहिए। सांसारिक काम सभी चलते रहें लेकिन अपना ध्यान संगठन और राष्ट्र कार्य की ओर हमेशा बना रहे ।

ध्येय के प्रति एकान्तिक निष्ठा :

कार्यकर्ता सोचता है कि, ध्येय पथ पर बढ़ते हुए कुछ अपना काम हो जाए तो हर्ज क्या है? कार्यकर्ता ध्येय के प्रति

सब कुछ करेगा किंतु चलते–चलते अपना थोड़ा–सा स्वार्थ भी पूर्ण कर लेगा। कार्यकर्ता प्रामाणिक है, पूर्ण ध्येयवादी भी है। किंतु कुछ अपना स्वार्थ सिद्ध हो जाने पर उसे आपत्ति नहीं। तो हम अपने मन को ऐसा बनाएं तथा सचेत करें कि, वह ध्येय के प्रति एकान्तिक निष्ठा रखे ।

एक से अनेक :

किसान भुट्टे के बीज को बोता है कुछ दिनों बाद एक अंकुर एक पौधा निकला और कुछ ही दिनों बाद उसी पौधे से सौ, सवा सौ दाने वाला भुट्टा तैयार हो गया। बीज जानता है कि, मैं एक हूँ, मुझे अनेक होना है। इसी प्रकार कार्यकर्ता को विचार करना चाहिए कि मैं संगठन का कार्यकर्ता हूँ। मैं एक हूँ मुझे अनेक होना है। इस नाते मैं अनेक लोगों को कैसे प्रेरणा दे सकता हूँ– कैसे जोड़ सकता हूँ– कैसे अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करते रहना चाहिए । इसलिए हमारे शास्त्रों में सूत्र बताया गया है––'एकोऽहम् बुहुस्याम' मैं एक हूँ, मुझे अनेक होना है।

अपने कार्य का स्वरूप :

अपने कार्य का स्वरूप तो यूनियन है। मजदूर सदस्य बनता है। सदस्य व्यक्तिगत प्रभाव से अपनी समस्या को सुलझाने के लिए किसी कार्यकर्ता का भाई–भतीजा होने के कारण बनता है। वह आया है और जाएगा। यदि हमें उसे रोकना है तो उसे संस्कारित करना होगा। हमें उसे शारीरिक, मानसिक, तकनीकी और सैद्धांतिक रूप से संगठन के साथ जोड़ना होगा उसे अपनी रीति–नीति सिखानी होगी यह काम एक दिन में नहीं होगा, इसमें समय लगेगा। किसी कवि ने कहा है कि––

कारज धीर होत है, काहे होत अधीर।
समय पाए तरूवर फरें, केतक सीचों नीर।।

कार्यकर्ता ने यदि स्वयं को संगठित कर लिया हो तो उसे देखकर, उसके व्यवहार व आचरण को देखकर सदस्य से कार्यकर्ता बनाने में सुविधा होगी, हमें उसके खोट को दूर करना होगा। जैसे सुनार सोने की खोट को एक–एक करके दूर करता है। समय तो लगेगा। आखिर पत्थर को शालिग्राम बनने में नर्मदा के प्रवाह के साथ बरसों लुढ़कना पड़ा होगा।

कार्यकर्ता और कार्यक्षेत्र का अनिवार्य संबंध :

कार्यकर्ता को देखकर उसके कार्यक्षेत्र का तथा कार्यक्षेत्र को देखकर कार्यकर्ता के बारे में जाना जा सकता है। कार्यक्षेत्र में दोष क्या हैं? अवगुण क्या हैं? अच्छाई क्या है? तो इसकी आवश्यकता नहीं कि, उस कार्यकर्ता को देखा जाए, कार्यक्षेत्र देखने से पता चल जायेगा कि, कार्यकर्ता कैसा है? उसके गुण–दोष क्या होंगे? कायकर्ता का दर्शन न करते हुए भी बराबर बताया जा सकता है कि कार्यकर्ता कैसा है? उसका स्वभाव कैसा है? उसके गुण–दोष क्या हैं? तो उसके कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी हो जाती है। इतना अनिवार्य संबंध है– कार्यकर्ता और उसके कार्यक्षेत्र का ।

यश और अपयश की स्थिति में समान भाव :

कार्यकर्ता के नाते हमें स्वयं के प्रति सावधान रहना चाहिए। सावधानीपूर्वक अपने को अच्छा रखना चाहिए । कार्यकर्ता के सभी गुण अपने अंदर आने के बाद भी एक बात बड़े महत्व की है कि, यशस्वी काम कौन कर सकता है? इसके संबंध में कहा गया है कि, जिसकी मनःस्थिति शांत है, संतुलित एवं संयमित है वही सफल एवं यशस्वी हो सकता है। परिस्थितियाँ अलग–अलग ढंग की हो सकती हैं। अनुकूल और प्रतिकूल भी। शायद पीछे हटना पड़े ऐसी भी परिस्थिति हो सकती है। किंतु, सफलता और असफलता में, यश और अपयश की स्थिति में दोनों में जिसका मन स्थिर और संतुलित रहता है वही जिसकी मनःस्थिति शांत है, संतुलित एवं संयमित है वही सफल एवं यशस्वी हो सकता है।. परिस्थितियाँ अलग–अलग ढंग की हो सकती हैं। अनुकूल और प्रतिकूल भी। शायद पीछे हटना पड़े ऐसी भी परिस्थिति हो सकती है। किंतु, सफलता और असफलता में, यश और अपयश की स्थिति में दोनों में जिसका मन स्थिर और संतुलित रहता है वही यशस्वी हो सकता है। भगवान कृष्ण ने अर्जुन से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि–

सुख दुःख सम कृत्वा, लाभा लाभो जया जयो।
ततो युद्धाय युज्यस्वं नैवं पापमवाप्स्यसि ॥

युद्ध करना है। जय–पराजय दोनों स्थिति में समभाव रहे। लाभ–हानि दोनों स्थिति में मन स्थिर रहे । इस भाव से युद्ध करना है। कर्म फल की इच्छा मत करो। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्'। अन्ततोगत्वा जहाँ पहुँचना है वहाँ पहुँचेगे। यह मनोवृत्ति यदि हमारे मन की है तो निश्चित रूप से हम सभी परिस्थितियों, पर विजय प्राप्त कर सकेंगे ।

कार्यकर्ता का दर्शन कैसा हो?

स्वाभाविकतया काम करते समय कार्यकर्ता अकेला नहीं है। बल्कि अनेक लोगों को साथ लेकर काम करने के लिए खड़ा करने वाला होने के कारण कार्यकर्ता समूहमय हो जाता है। समूह में कार्य करते समय कार्यकर्ता का दर्शन किन शब्दों से होता है? इसका जब हम विचार करते हैं तो पहला शब्द ध्यान में आता है चिन्तन, दूसरा शब्द है– चर्चा, तीसरा शब्द है– निर्णय, चौथा शब्द है, योजना, पाँचवा शब्द है– परिश्रम, छठा शब्द है–सफलता । हमारा कार्यकर्ता एक समूह में कार्य करने वाला कार्यकर्ता है। चर्चा के समय यह ध्यान रहे कि,

हमारा बोलना दूसरों के लिए बाधक न हो। बोलते समय अपने विचारों के प्रति अत्यन्त आग्रही नहीं होना चाहिए। बोलते समय भाषा संयमित हो । उदाहरण के लिए– कोई ऐसा बोले कि, 'कौन ऐसा मूर्ख है जो मेरी बात को गलत कहेगा।' इसका तात्पर्य है कि, अन्य लोग या तो चुप रहें या बोल कर बोलने वाले से झगड़ा मोल लें। चर्चा में आए विभिन्न विचारों के प्रति समादर का भाव हो। सफलता मिलने पर सफलता का श्रेय सभी को दिया जाए। किंतु यदि कार्यकर्ता स्वयं के बड़प्पन को छोड़ दे, श्रेय का फल अन्य साथियों को दे तो दूसरों को सक्रिय करना और अनुशासन में रखना आसान होगा ।

संगठन के अनुकूल आदत और स्वभाव :

कार्यकर्ता में स्वयं की कुछ आदतें होती हैं। जिनके कारण संगठन करने में उसे बाधा आती है। ऐसे कार्यकर्ता को अपनी आदतें बदल कर संगठन के अनुकूल बनाना होगा । यदि वह सब प्रकार से समर्पित हो। किंतु अपनी आदतें नहीं बदलता तो संगठन कार्य करने में बाधा आएगी। वह मिलनसार हो। समूह में कार्य करने की आदत होना आवश्यक है। स्पष्टवादिता के नाम पर खरी–खोटी सुनाना संगठन के लिए अहितकर होता है।

सहयोगियों की मनः स्थिति समझने की क्षमता :

कार्यकर्ता में अपने सहयोगियों के समक्ष अपनी बात रखते समय उनकी मनःस्थिति को समझ सकने की क्षमता होनी चाहिए। कहाँ किस समय कितनी बात रखनी है। इसका आंकलन होना आवश्यक है। प्रायः संगठन में नए व पुराने दोनों प्रकार के कार्यकर्ता होते हैं। जो बात रखी जा रही है। यदि उसका प्रभाव कार्यकर्ताओं पर पड़ता है तो संगठन को लाभ होगा। जिस बात पर हम स्वयं आचरण नहीं करते उस पर चलने की अपेक्षा हमें दूसरों से नहीं करनी चाहिए ।

व्यक्ति स्थान तथा यूनियन का मोह :

मोह से मुक्त होना बड़ा कठिन काम है। अपने द्वारा खड़े किए गए काम के प्रति मोह, जहाँ काम खड़ा किया है उस स्थान के प्रति मोह, अपने द्वारा किए गए कार्यकर्ता के प्रति मोह संगठन के लिए हानिकारक होता है। मोहजनित होकर अपने द्वारा खड़ा किए गए व्यक्ति का वह दोष नहीं देख पाता है। मोह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इससे तो नारद मुनि एवं भगवान भी अपने को मुक्त नहीं कर पाए। भगवान ने वराह अवतार लिया, ताकि, डूबती पृथ्वी को उबारा जा सके। पृथ्वी महाप्रलय में डूबने से बच गई। देवताओं ने भगवान से कहा, वापस आ जाइये। भगवान ने उत्तर दिया। अभी नहीं थोड़े दिनों बाद आऊँगा। मेरी बराहिन के छोटे–छोटे छबने हैं, आगे भी उसे प्रसव होने वाला है। उसकी भी हमें चिन्ता करनी है। जब भगवान को ही मोह हो गया तो मनुष्य की क्या औकात । फिर भी प्रयत्नपूर्वक मोह से बचना चाहिए।

एकात्म समूह

संगठन कार्य के लिए एक मास्टर माईण्ड ग्रुप एकात्म समूह होना चाहिए। जिस समूह में सब के सामने एक ही ध्येय ओर आदर्श हो। जो सबको प्रेरणा दे रहा हो, जिसके कारण सुख–दुःख, मान–अपमान की भावनाएँ एक जैसी हो। सभी एक पथ के राही होने के नाते एक–दूसरे को परस्पर समझते हों। एक–दूसरे के गुण–दोष समझते हुए भी घनिष्ठता एवं प्रेम के कारण दोषों के प्रति क्षमाशील तथा गुणों के प्रति प्रशंसाशील बन जाते हों। ऐसे समूह को एकात्म समूह कहते हैं। इस प्रकार के एकात्म समूह की गुणवत्ता बढ़ती रहे। इसी में संगठन की प्रगति का पुरजोर आश्वासन है। संगठनकर्ता को इस दिशा में विशेष ध्यान देना चाहिए ।

पारदर्शी जीवन :

हमारा जीवन पारदर्शी हो। इससे कार्यकर्ता निर्माण करने में सुविधा होती है। हम जैसा चाहते हैं वैसा पहले स्वयं आचरण करें। आदेशात्मक नहीं स्वयं करना। सार्वजनिक जीवन में पद, स्थान और अभिमान के कारण कार्यकर्ताओं में गिरावट आई है। इससे प्रभावित होना अस्वाभाविक नहीं। संत प्रवर तुलसीदास जी ने भी कहा है– "पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जो आचरहिं ते नर न घनेरे।"

गुणों की खोज :

